राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 09–01–2020

–: प्रेस नोट :–

आज दिनांक 09–01–2020 को प्री–लिटिगेशन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता आयोग के माननीय सदस्य श्री शिवसिंह राठौड़ द्वारा की गई। बैठक में आयोग सचिव सुश्री रेणु जयपाल, विधि सलाहकार श्री अश्विनी विज, संयुक्त सचिव श्रीमती नीतू यादव, उप विधि परामर्शी श्री अनिल गुप्ता उपस्थित रहे।

प्री–लिटिगेशन समिति द्वारा कुल 26 प्रकरणों पर विचार कर निस्तारित किया गया। उक्त प्रकरणों में वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा–2013 एवं 2018, कॉलेज व्याख्याता–2014,स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा–2018, सहायक अभियन्ता परीक्षा 2018, कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार परीक्षा 2013, लिपिक ग्रेड–द्वितीय 2011, प्रधानाध्यापक–2018,आर.ए.एस–2018परीक्षा आदि से संबंधित विभिन्न प्रकरण यथा वर्ग परिवर्तन, आरक्षण, चयन संबंधी प्रकरण थे।

इनमें से 01 प्रकरण सम्पूर्ण आयोग के विचारार्थ एवं 01 प्रकरण को आस्थगित (Defer) किया जाकर पुनः आगामी बैठक में रखे जाने हेतु समिति द्वारा निर्देशित किया गया।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव एवं
सदस्य सचिव–प्री–लिटिगेशन समिति